# नवोदय विद्यालय समिति

## (मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन)

## स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

## भारत सरकार

## बी-15, इंस्टिट्यूशनल एरिया, सेक्टर 62, नोएडा, जिला गौतम बुद्धनगर, उत्तर प्रदेश 201309

### भर्ती अभियान-2019

### जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रधानाचार्य, स्नातकोत्तर शिक्षक तथा नवोदय विद्यालय समिति मु./क्षे. कार्यालय में सहायक आयुक्त (प्रशासन), सहायक तथा कंप्यूटर ऑपरेटर की भर्ती

नवोदय विद्यालय समिति, जिसे यहां इसके बाद एनवीएस कहा जाएगा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन है. इसके 08 क्षेत्रीय कार्यालय हैं, जो भोपाल, चंडीगढ़, हैदराबाद, जयपुर, लखनऊ, पटना, पुणे और शिलांग में स्थित हैं. इसके अतिरिक्त तमिलनाडु राज्य को छोड़कर समूचे देश में 630 से अधिक जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवीज़), समिति के अंतर्गत कार्यरत हैं. जेएनवीज़ वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक के, सह-शिक्षा वाले, पूर्ण आवासीय विद्यालय हैं, जो मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं. पूर्ण आवासीय संस्थान होने के कारण जेएनवीज़ में प्रधानाचार्य और शिक्षकों को भी विद्यालय परिसर में ही रहना होता है, जिसके लिए उन्हें किराया मुक्त आवास उपलब्ध कराया जाता है. शिक्षकों को सामान्य शिक्षण दायित्वों के अतिरिक्त आवासीय स्कूली प्रणाली से सम्बद्ध अतिरिक्त दायित्वों का भी निर्वहन करना होगा, जैसे - हाउस मास्टरशिप, सुधारात्मक और पर्यवेक्षणीय अध्ययन, पाठेयतर गतिविधियों का संचालन, स्थानांतरण पर विद्यार्थियों की अभिरक्षा और विद्यार्थियों का सामान्य कल्याण. परिवीक्षा अवधि के दौरान पद के लिए उपयुक्तता का निर्धारण करने के लिए उम्मीदवार की शिक्षण योग्यता के अतिरिक्त इन सभी क्षेत्रों में भी उसके कार्य निष्पादन का मूल्यांकन किया जाएगा.

एनवीएस भारतीय नागरिकों से वर्ष 2019 के लिए **प्रधानाचार्य, सहायक आयुक्त (प्रशासन), पीजीटी, सहायक और कम्प्यूटर ऑपरेटर** के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है.

एक तिहाई बालिकाओं को दाखिला देने की नीति को देखते हुए यह प्रयास किया जाएगा कि जवाहर नवोदय विद्यालयों में बालिका विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात के अनुरूप पुरुष और महिला शिक्षकों का अनुपात हो. परंतु, भर्ती इस शर्त के अधीन होगी कि उम्मीदवार पात्रता की सामान्य शर्तों को पूरा करते हों. यह भी स्पष्ट किया जाता है कि महिला शिक्षकों के लिए कोई पृथक आरक्षण नहीं होगा.

इस विज्ञापन के जरिए भर्ती हेतु अधिसूचित अधिकतर रिक्तियां पूर्वोत्तर क्षेत्र और एनवीएस द्वारा अधिसूचित कठिन स्टेशनों पर हैं. इसलिए, चुने हुए उम्मीदवारों की तैनाती पूर्वोत्तर क्षेत्र में किए जाने की संभावना है. भर्ती के बाद प्रारंभिक नियुक्ति कठिन स्टेशन पर की जा सकती है और क्षेत्र में परिवर्तन के किसी अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा.

2. **अनुमानित रिक्तियों का पदवार और श्रेणीवार ब्यौरा नीचे दिया गया है:**

| अना | अपिव | अजा | अजजा | कुल | शावि | दृबा | श्रवि | अन्य* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | 07 | 04 | 02 | **25** | 01 | 00 | 00 | 00 |

**सहायक आयुक्त (प्रशासन) (समूह 'क')**

| अना | अपिव | अजा | अजजा | कुल | शावि | दृबा | श्रवि | अन्य* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | 01 | 00 | **03** | 00 | 00 | 00 | - |

03 रिक्तियों में से अपिव और अजा श्रेणियों के लिए 01-01 पद रिक्त है, जो प्रत्याशित रिक्तियां हैं.

**सहायक (समूह 'ग')**

| अना | अपिव | अजा | अजजा | कुल | शावि | दृबा | श्रवि | अन्य* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 | 00 | 00 | 00 | **02** | 00 | 00 | 00 | -- |

**कम्प्यूटर ऑपरेटर (समूह 'ग')**

| अना | अपिव | अजा | अजजा | कुल | शावि | दृबा | श्रवि | अन्य* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 | 01 | 00 | 00 | **03** | 00 | 00 | 00 | -- |

03 रिक्तियों में से 02 पद सामान्य श्रेणी के लिए निर्धारित हैं, जो प्रत्याशित रिक्तियां हैं.

**स्नाकोत्तर शिक्षक (पीजीटी) (समूह 'ख')**

| क्र सं | विषय | अना | अपिव | अजा | अजजा | कुल | शावि | दृबा | श्रवि | अन्य* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जीव विज्ञान | 09 | 04 | 02 | 01 | 16 | 01 | -- | -- | -- |
| 2 | रसायन विज्ञान | 12 | 07 | 04 | 02 | 25 | -- | 01 | -- | -- |
| 3 | वाणिज्य | 10 | 06 | 03 | 02 | 21 | 01 | -- | -- | -- |
| 4 | अर्थशास्त्र | 18 | 10 | 06 | 03 | 37 | 01 | 01 | -- | -- |
| 5 | भूगोल | 12 | 04 | 07 | 02 | 25 | -- | 01 | -- | -- |
| 6 | हिंदी | 05 | 03 | 02 | 01 | 11 | 01 | -- | -- | -- |
| 7 | इतिहास | 10 | 06 | 03 | 02 | 21 | -- | 01 | -- | -- |
| 8 | गणित | 08 | 05 | 03 | 01 | 17 | 01 | -- | -- | -- |
| 9 | भौतिक विज्ञान | 17 | 09 | 05 | 03 | 34 | 01 | 01 | -- | -- |
| 10 | आईटी | 05 | 03 | 02 | 01 | 11 | 01 | -- | -- | -- |
| | **कुल** | **106** | **57** | **37** | **18** | **218** | **07** | **05** | **--** | **--** |

*डीओपीटी के दिनांक 15.01.2018 के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, निम्नांकित श्रेणियों के लिए 1 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा.

(क) ऑटिज्म, बौद्धिक अक्षमता, सीखने संबंधी अक्षमता और मनोरोग

(ख) बधिर-दृष्टि बाधित सहित खंड (क) से (घ) तक के अंतर्गत आने वाली अधिसंख्य विकलांगताओं से पीड़ित व्यक्ति.

**3.** विभिन्न श्रेणियों के पदों के लिए अनिवार्य और वांछनीय योग्यताओं का ब्यौरा, वेतनमान, आयु सीमा, आयु में छूट, चयन पद्धति और अन्य सम्बद्ध **ब्यौरा नीचे दिया गया है**. चुने हुए उम्मीदवारों को वेतनमान और ग्रेड वेतन के अतिरिक्त आवासीय दायित्वों के निर्वहन के लिए 10 प्रतिशात विशेष भत्ता दिया जाएगा (प्रधानाचार्य और पीजीटी के मामले में).

**3.1. पद कोड और पात्रता मानदंड:**

**क. प्रधानाचार्य के लिए: (पद कोड: 01)**

**वेतनमान: पे मैट्रिक्स में लेवल 12 (रु. 78800-209200 )**

**ऊपरी आयु सीमा: 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.**

**अनिवार्य योग्यताएं:**

**(i) शैक्षिक योग्यताएं:**

क) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि.

ख) बी.एड अथवा समकक्ष शिक्षण उपाधि

**(ii) अनुभव:**

(क) केंद्रीय/राज्य सरकार/केंद्र/राज्य सरकार के अंतर्गत स्वायत्त संगठनों में पे मैट्रिक्स में लेवल 12 (रु. 78800-209200) में सदृश पद पर अथवा प्रधानाचार्य के पद पर अनुभव प्राप्त किया हो. **अथवा**

(ख) केंद्रीय/राज्य सरकार/केंद्र/राज्य सरकार के अंतर्गत स्वायत्त संगठनों में पे मैट्रिक्स में लेवल 10 (रु. 56100-177500) में उप प्रधानाचार्य/सहायक शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्य किया हो और पीजीटी और उप-प्रधानाचार्य के रूप में संयुक्त रूप से 07 वर्ष की सेवा पूरी की हो, जिसमें से 02 वर्ष उप-प्रधानाचार्य के रूप में काम किया हो. **अथवा**

(ग) केंद्रीय/राज्य सरकार/केंद्र/राज्य सरकार के अंतर्गत स्वायत्त संगठनों में पे मैट्रिक्स में लेवल 8 (रु. 47600-151100) में पीजीटी या लेक्चरर के पद पर कम से कम 8 वर्ष की नियमित सेवा पूरी की हो. **अथवा**

(घ) उम्मीदवार ने पीजीटी (पे मैट्रिक्स में लेवल 8) और टीजीटी (पे मैट्रिक्स में लेवल 7) के रूप में मिला कर 15 वर्ष की नियमित सेवा पूरी की हो, जिसमें से कम से कम 03 वर्ष पीजीटी के रूप में काम किया हो.

**वांछनीय:**

1. पूर्ण आवासीय विद्यालय के हाउस मास्टर के रूप में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव रहा हो.
2. पूर्ण आवासीय/सीबीएसई से सम्बद्ध/सरकार से मान्यताप्राप्त विद्यालय में कार्यानुभव.
3. अंग्रेजी और हिंदी/क्षेत्रीय भाषा में प्रवीणता.
4. कम्प्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान.

**ख. सहायक आयुक्त (प्रशासन) के लिए: (पद कोड-02)**

**वेतनमान: पे मैट्रिक्स में लेवल 11 (रु. 67700-208700)**

**ऊपरी आयु सीमा: 45 वर्ष**

**अनिवार्य:**

(1) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि

(2) नियमित आधार पर सदृश पद धारण किया हो **अथवा**

(3) केंद्रीय/राज्य सरकार/स्वायत्त/सांविधिक संगठन में उपयुक्त पद पर काम करते हुए प्रशासनिक/वित्तीय मामलों के परिचालन का अनुभव प्राप्त किया हो.

**ग. सहायक के लिए (पद कोड 03)**

**वेतनमान: पे मैट्रिक्स में लेवल 6 (रु. 35400-142400)**

**ऊपरी आयु सीमा: 18 से 30 वर्ष के बीच**

**अनिवार्य:**

(1) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि

(2 कम्प्यूटर का कार्य साधक ज्ञान.

**वांछनीय:**

केंद्र सरकार/केंद्र सरकार के अधीन स्वायत्त संगठन में प्रशासनिक, वित्तीय मामलों का 3 वर्ष का अनुभव.

**(घ) कम्प्यूटर ऑपरेटर (पद कोड 04)**

**वेतनमान: पे मैट्रिक्स में लेवल 4 (रु. 25500-81100)**

**ऊपरी आयु सीमा: 18 से 30 वर्ष के बीच**

**अनिवार्य:**

(1) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक उपाधि

(2) वर्ड प्रोसेसिंग और डाटा एंट्री में प्रवीणता के साथ मान्यताप्राप्त संस्थान से एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा.

**वांछनीय:**

विभिन्न सॉफ्टवेयर पैकेजों की जानकारी

**ङ स्नातकोत्तर शिक्षकों के लिए**

**आवेदन प्रपत्र भरने के लिए विषयवार पद कोड**

| स्नातकोत्तर शिक्षक | | | |
|---|---|---|---|
| पद | पद कोड | पद | पद कोड |
| जीव विज्ञान | 5 | हिंदी | 10 |
| रसायन विज्ञान | 6 | इतिहास | 11 |
| वाणिजय | 7 | गणित | 12 |
| अर्थशास्त्र | 8 | भौतिक विज्ञान | 13 |
| भूगोल | 9 | आईटी | 14 |

**वेतनमान: पे मैट्रिक्स में लेवल-8 (रु. 47600-151100)**

**ऊपरी आयु सीमा: 40 वर्ष से अधिक नहीं.**

**अनिवार्य योग्यता:**

**योग्यताएं:**

**अनिवार्य**

(क्रमशः)

(क) एनसीईआरटी के क्षेत्रीय कॉलेज से सम्बद्ध विषय में कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 2 वर्षीय समेकित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया हो. **अथवा**

मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से निम्नांकित विषयों में कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की हो.

| क्र सं | पद | स्नातकोत्तर उपाधि |
|---|---|---|
| (i) | पीजीटी (हिंदी) | हिंदी |
| (ii) | पीजीटी (भौतिक विज्ञान) | भौतिक विज्ञान/अनुप्रयुक्त भौतिकी/इलेक्ट्रोनिक्स भौतिकी/परमाणु भौतिकी |
| (iii) | पीजीटी (रसायन विज्ञान) | रसायन विज्ञान/जैव रसायन |
| (iv) | पीजीटी (गणित) | गणित/अनुप्रयुक्त गणित |
| (v) | पीजीटी (अर्थशास्त्र) | अर्थशास्त्र/अनुप्रयुक्त अर्थशास्त्र/व्यापार अर्थशास्त्र |
| (vi) | पीजीटी (इतिहास) | इतिहास |
| (vii) | पीजीटी (भूगोल) | भूगोल |
| (viii) | पीजीटी (वाणिज्य) | अकाउंटिंग के साथ कॉमर्स/कोस्ट अकाउंटिंग/फाइनेंसियल अकाउंटिंग अध्ययन का एक प्रमुख विषय रहा हो. अनुप्रयुक्त/व्यापार अर्थशास्त्र में एम.कॉम डिग्री धारक पात्र नहीं होंगे. |
| (ix) | पीजीटी (जीव विज्ञान) | वनस्पति विज्ञान/प्राणी विज्ञान/लाइफ साइंसेज/जीव विज्ञान/आनुवंशिकी/सूक्ष्म जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी/आणविक जीव विज्ञान/पादप शरीर विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की हो परंतु, आवेदक ने स्नातक स्तर पर वनस्पति विज्ञान और प्राणी विज्ञान का अध्ययन किया हो. |
| (x) | पीजीटी (आईटी) | 1. निम्नांकित में से किसी भी विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ योग्यता प्राप्त की हो:<br>मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी.ई. अथवा बी.टेक (कम्प्यूटर विज्ञान/आईटी) **अथवा**<br>मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी.ई. अथवा बी.टेक (किसी भी विषय में) और कम्प्यूटर विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा **अथवा**<br>मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से एम.एससी (कम्प्यूटर विज्ञान/आईटी)/एमसीए **अथवा**<br>मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एससी (कम्प्यूटर विज्ञान)/बीसीए और किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि. **अथवा**<br>मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम्प्यूटर विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/आईटी और किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि. **अथवा**<br>डीओईएसीसी/एनआईईएलटी से 'बी' लेवल और किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि **अथवा**<br>सूचना और संचार प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत डीओईएसीसी/एनआईईएलटी, 'सी' लेवल और स्नातक उपाधि.<br>2. हिंदी/अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण में प्रवीणता |

**वांछनीय: बी.एड डिग्री**

**नोट: उम्मीदवार को आगे पदोन्नति के लिए बी.एड डिग्री हासिल करनी होगी.**

**ख) बी.एड उपाधि**

**ग) हिंदी और अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण में प्रवीणता**

**वांछनीय योग्यताएं:**

(क) मान्यताप्राप्त संस्थान में सम्बद्ध विषय में टीजीटी के रूप में अनुभव.

(ख) किसी आवासीय विद्यालय में कार्यानुभव.

(ग) कम्प्यूटर अनुप्रयोग की जानकारी.

**3.2: आयु में छूट**

ऊपरी आयु सीमा में अधिकतम छूट निम्नांकित अनुसार दी जाएगी:

| क्र. सं | व्यक्तियों की श्रेणी | आयु में छूट/रियायत की अवधि |
|---|---|---|
| (क) | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 5 वर्ष |
| (ख) | अन्य पिछड़े वर्ग | 3 वर्ष |
| (ग) | प्रधानाचार्य, सहायक आयुक्त (प्रशासन), सहायक और कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदों को छोड़कर महिला (सभी श्रेणी) | 10 वर्ष |
| (घ) | प्रधानाचार्य और पीजीटी के पद के लिए आवेदन करने वाले एनवीएस कर्मचारी | आयु सीमा का कोई बंधन नहीं होगा |
| (ङ) | सहायक आयुक्त (प्रशासन) सहायक और कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद के लिए आवेदन करने वाले एनवीएस कर्मचारी | 5 वर्ष |
| (च) | केंद्र सरकार में 3 वर्ष की निरंतर सेवा पूरी करने वाले उम्मीदवार, बशर्ते पद समान या अनुषंगी संवर्ग के हों | 5 वर्ष |
| (छ) | 01.01.1930 से 31.12.1989 के दौरान जम्मू कश्मीर राज्य के सामान्य अधिवासी | 5 वर्ष |
| (ज) | विकलांग व्यक्ति (महिला सहित)<br>(i) अजा/अजजा<br>(ii) अपिव (एनसीएल)<br>(iii) सामान्य | <br>15 वर्ष<br>13 वर्ष<br>10 वर्ष |
| (झ) | समूह 'ग' पदों के लिए ऐसे भूतपूर्व सैनिकों, जिन्होंने सशस्त्र सेनाओं (सेना, नौसेना और वायुसेना) में कम से कम 6 महीने की निरंतर सेवा पूरी की हो, को वास्तविक आयु में से सशस्त्र सेना में अदा की गई सेवा घटाने की अनुमति दी जाएगी और इसके बाद बचने वाली आयु पद के लिए निर्धारित अधिकतम आयु से 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी, तो यह समझा जाएगा कि उम्मीदवार आयु सीमा संबंधी शर्त पूरी करता है. समूह 'ख' पदों के लिए, ईसीओज़/एसएससीओज़ सहित भूतपूर्व सैनिक और कमीशंड अधिकारी, जिन्होंने न्यूनतम 5 वर्ष की सेवा पूरी की हो, आयु में छूट के हकदार होंगे. | |

**नोट: ऊपर वर्णित सभी रियायतें समवर्ती समझी जाएंगी अर्थात् यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक रियायत के लिए पात्र है, तो उसके मामले में रियायतों में से केवल एक रियायत की अधिकतम स्वीकार्य सीमा लागू होगी, बशर्ते सरकारी सेवा में भर्ती के लिए अधिकतम निर्धारित आयु अर्थात् 55 वर्ष की आयु प्राप्त न की हो.**

**3.3 विभिन्न पात्रता मानदंड (शैक्षिक योग्यताएं, आयु सीमा आदि) के निर्धारण के लिए कट-ऑफ तारीख भारत में उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी. आवेदन करने से पहले आवेदकों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हैं. एनवीएस पात्रता की शर्तों की जांच केवल उन उम्मीदवारों के संदर्भ में मूल दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने के समय करेगी, जो इंटरव्यू के लिए क्वालिफाई करेंगे.**

**3.4:** अपिव श्रेणियां केंद्र सरकार के अंतर्गत नियुक्ति के लिए स्वीकार्य अनुसार होनी चाहिए.

**4: भर्ती की पद्धति**

(क) लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्रदर्शित योग्यता के आधार पर उम्मीदवारों की संक्षिप्त सूची तैयार की जाएगी. समिति को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में अलग अलग कट-ऑफ अंक निर्धारित कर सकती है. उपरोक्त पदों के लिए चयन की पद्धति और साक्षात्कार के लिए आवेदकों की पात्रता के बारे में समिति का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा. इस बारे में किसी पत्राचार पर ध्यान नहीं दिया जाएगा. परंतु, सहायक और कम्प्यूटर ऑपरेटर के मामले में पद के लिए चयन उम्मीदवारों द्वारा केवल लिखित परीक्षा में प्रदर्शित योग्यता के आधार पर किया जाएगा. **परंतु, उपरोक्त सभी पदों के लिए चयन की पद्धति के मामले में नवोदय विद्यालय समिति को पूर्ण विवेकाधिकार प्राप्त है और वह इसमें परिवर्तन कर सकती है.**

(ख) उपरोक्त पदों के लिए लिखित परीक्षा निम्नांकित 42 शहरों में आयोजित की जाएगी (शहरों की कोड संख्या उनके नाम के सामने दी गई है). परंतु, समिति को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह उम्मीदवारों की संख्या और अन्य बाध्यताओं के कारण सभी शहरों में अथवा उपरोक्त में से किसी शहर में लिखित परीक्षा आयोजित कर सकती है. प्रत्येक शहर में परीक्षा केंद्रों की संख्या इस बात पर निर्भर करेगी कि किसी शहर के लिए विकल्प चुनने वाले उम्मीदवारों की संख्या कितनी है. प्रधानाचार्य और सहायक आयुक्त (प्रशासन) के पद के लिए परीक्षा केंद्र केवल दिल्ली एनसीआर में होंगे. परीक्षा केंद्रों का आवंटन उम्मीदवारों की वरीयता/विकल्पों के जरिए एनवीएस द्वारा किया जाएगा, जो प्रत्येक केंद्र पर सीटों की उपलब्धता की मात्रा पर निर्भर करेगा.

| शहर का नाम | शहर कोड | शहर का नाम | शहर कोड |
|---|---|---|---|
| अहमदाबाद | 1 | कोलकाता | 22 |
| अमृतसर | 2 | लखनऊ | 23 |
| अजमेर | 3 | मदुरई | 24 |
| इलाहाबाद | 4 | मुम्बई | 25 |
| बंगलुरु | 5 | मुजफ्फरपुर | 26 |
| भोपाल | 6 | नागपुर | 27 |
| भुवनेश्वर | 7 | पटना | 28 |
| चंडीगढ़/पंचकुला/मोहाली | 8 | पुणे | 29 |
| चेन्नई | 9 | पोर्ट ब्लेयर | 30 |
| देहरादून | 10 | रायपुर | 31 |
| दिल्ली | 11 | रांची | 32 |
| फरीदाबाद | 12 | शिमला | 33 |
| गुरुग्राम | 13 | त्रिवेंद्रम | 34 |
| गाजियाबाद | 14 | विशाखापट्टनम | 35 |
| नोएडा | 15 | शिलांग | 36 |
| गुवाहाटी | 16 | कोहिमा | 37 |
| हैदराबाद | 17 | इम्फाल | 38 |
| ईटानगर | 18 | आइजोल | 39 |
| जबलपुर | 19 | सिलीगुड़ी | 40 |
| जयपुर | 20 | अगरतला | 41 |
| जम्मू | 21 | पणजी (गोआ) | 42 |

(ग) 40 प्रतिशत या अधिक विकलांगता वाले व्यक्ति, यदि उनके लिए आवश्यक हो, तो उन्हें परीक्षा में लेखन सहायता के लिए स्वयं का स्क्राइब लाना होगा. स्क्राइब के मामले में शैक्षिक योग्यता अथवा आयु संबंधी कोई प्रतिबंध नहीं होगा. ऐसे मामले में परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए 20 मिनट का क्षतिपूरक समय दिया जाएगा. ऐसे सभी विकलांग उम्मीदवारों को 3 घंटे की परीक्षा अवधि के लिए न्यूनतम 1 घंटे का अतिरिक्त समय दिया जाएगा, जिन्होंने स्क्राइब की सुविधा का लाभ न उठाया हो. प्रधानाचार्य, सहायक आयुक्त (प्रशासन), पीजीटी के पद के लिए अतिरिक्त समय 60 मिनट का दिया जाएगा, क्योंकि इन पदों के लिए लिखित परीक्षा की अवधि 3 घंटे है और सहायक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद के लिए अतिरिक्त समय-समय 50 मिनट का दिया जाएगा, क्योंकि इन पदों के लिए लिखित परीक्षा की अवधि ढाई घंटे है. चालू वर्ष की रिक्तियों के संदर्भ में विकलांगजनों के लिए आरक्षण नियमानुसार दिया जाएगा. परंतु, पदों की पहचान विकलांगजनों के लिए उपयुक्त के रूप में की गई हो, जो सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत विकलांगजन मुख्य आयुक्त कार्यालय, द्वारा जारी ओ एम संख्या 16-15/2010-डीडी-3 दिनांक 29.07.2013 के अनुसार की जाएगी.

(घ) समुचित प्रवेश पत्रक के अभाव में किसी उम्मीदवार को लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

**(ङ) परीक्षा कार्यक्रम**

**(i) प्रधानाचार्य के पद के लिए:**

| परीक्षा | परीक्षा का घटक | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक | परीक्षा की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| पार्ट-I | तर्क योग्यता | 25 | 25 | परीक्षा की समग्र अवधि 3 घंटे होगी जिसमें अलग अलग घटक के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं होगी. |
| पार्ट-II | सामान्य जागरूकता | 25 | 25 | |
| पार्ट-III | भाषा परीक्षा (सामान्य अंग्रेजी और सामान्य हिंदी-प्रत्येक विषय के 15 अंक) | 30 | 30 | |
| पार्ट-IV | शैक्षिक (शिक्षा संबंधी पहलू)<br>1) बाल विकास और शिक्षा-बाल विकास- | 50 | 50 | |

| परीक्षा | परीक्षा का घटक | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक | परीक्षा की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| | शारीरिक, बौद्धिक, भावात्मक और सामाजिक; किशोरावस्था की समस्याएं - उनके साथ व्यवहार में घर, स्कूल, छात्रावास और समाज की भूमिका.<br>**सीखना:**<br>i) धारणाएं:<br>ii) सीखने को प्रभावित करने वाले घटक<br>iii) प्रेरणा और सीखने की कारगर स्थितियां सृजित करने के उपाय<br>**2) शिक्षा में संदर्श**<br>i) शिक्षा का अधिकार (आरटीई) 2009, पोक्सो, बाल अधिकार.<br>ii) एनसीएफ 2005, शैक्षणिक परिणाम<br>iii) स्कूल संगठन<br>iv) भारत में उच्चतर शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान<br>v) औपचारिक और दूरस्थ शिक्षा प्रणालियां<br>vi) स्कूल प्रणाली में स्वच्छ प्रशासन<br>**3) शिक्षण प्रौद्योगिकी**<br>i) शिक्षा में आईसीटी<br>ii) कैरिकुलम या पाठ्यचर्या<br>iii) शैक्षिक आयोजना<br>iv) उपलब्धि एवं मूल्यांकन<br>**4) आवासीय विद्यालयों में प्रधानाचार्य के अधिकार और कर्तव्य**<br>i) विभिन्न प्रतिभागियों के संदर्भ में प्रधानाचार्य के अधिकार और कर्तव्य<br>ii) सुविधाओं और परिसंपत्तियों का विकास और रख-रखाव.<br>iii) शैक्षिक और पाठ्यचर्या गतिविधियों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में प्रधानाचार्य की भूमिका.<br>iv) शैक्षिक संस्थानों में नैतिकता और मूल्यों को प्रोत्साहन | | | परीक्षा की समग्र अवधि 3 घंटे होगी जिसमें अलग अलग घटक के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं होगी. |
| पार्ट-V | प्रशासन और वित्त<br>सीसीए (सीसीएस) नियम, चिकित्सा अटेंडेंट नियम, मूलभूत और पूरक नियम, सीपीएफ और एनपीएस नियम, यात्रा भत्ता नियम, पीएफ एमएस, एलटीसी नियम, सामान्य वित्तीय नियम (जीएफआर), आयकर, ईआरपी आदि स्कूलों के संदर्भ में | 50 | 50 | |
| | **कुल** | **180** | **180** | |

**(ii) सहायक आयुक्त (प्रशासन) के पद के लिए:**

| परीक्षा | परीक्षा का घटक | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक | परीक्षा की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| पार्ट-I | तर्क योग्यता | 25 | 25 | परीक्षा की समग्र अवधि 3 घंटे होगी जिसमें अलग अलग घटक के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं होगी. |
| पार्ट-II | सामान्य जागरूकता | 25 | 25 | |
| पार्ट-III | भाषा परीक्षा (सामान्य अंग्रेजी और सामान्य हिंदी-प्रत्येक विषय के 15 अंक) | 30 | 30 | |
| पार्ट-IV | मात्रात्मक योग्यता | 25 | 25 | |
| पार्ट-V | जीएफआर, एफआर और एसआर तथा अद्यतन डीओपीटी आदेश/सर्कुलर, सीसीएस (कंडक्ट रूल्स, सीसीएस (सीसीए) नियम, एलटीसी नियम, नई पेंशन योजना, सीसीएस (एमए) नियम) | 75 | 75 | |
| | **कुल** | **180** | **180** | |

**(iii) सहायक के पद के लिए:**

| परीक्षा | परीक्षा का घटक | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक | परीक्षा की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| पार्ट-I | तर्क योग्यता | 20 | 20 | परीक्षा की समग्र अवधि ढाई घंटे होगी जिसमें अलग अलग घटक के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं होगी. |
| पार्ट-II | मात्रात्मक योग्यता | 20 | 20 | |
| पार्ट-III | भाषा परीक्षा (सामान्य अंग्रेजी और सामान्य हिंदी-प्रत्येक विषय के 15 अंक) | 30 | 30 | |
| पार्ट-IV | कम्प्यूटर ऑपरेशन की जानकारी, भारतीय संविधान, नई पेंशन योजना, पॉक्सो अधिनियम, आरटीआई की सामान्य जानकारी. | 60 | 60 | |
| | **कुल** | **130** | **130** | |

**(iv) कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद के लिए:**

| परीक्षा | परीक्षा का घटक | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक | परीक्षा की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| पार्ट-I | तर्क योग्यता | 25 | 25 | परीक्षा की समग्र अवधि ढाई घंटे होगी जिसमें अलग अलग घटक के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं होगी. |
| पार्ट-II | मात्रात्मक योग्यता | 25 | 25 | |
| पार्ट-III | भाषा परीक्षा (सामान्य अंग्रेजी और सामान्य हिंदी-प्रत्येक विषय के 15 अंक) | 30 | 30 | |
| पार्ट-IV | एक विषय के रूप में कम्प्यूटर की बुनियादी जानकारी | 50 | 50 | |
| | **कुल** | **130** | **130** | |

**(1) पीजीटी के पद के लिए:**

पीजीटी के सभी पदों के लिए निम्नांकित अनुसार लिखित परीक्षा का अलग से एक प्रश्नपत्र होगा:

| प्रश्नपत्र | विषय | अंक/अवधि |
|---|---|---|
| सामान्य प्रश्नपत्र | पीजीटी के सभी पदों के लिए समान प्रश्नपत्र<br>**बहु विकल्प वस्तुनिष्ठ प्रकार का प्रश्नपत्र,** जिसमें सामान्य अंग्रेजी और हिंदी (40: 20+20), सामान्य जागरूकता (30), सामान्य बुद्धि, संख्यात्मक योग्यता और तर्क योग्यता (30), शिक्षण अभिरुचि (20) और सम्बद्ध विषय की जानकारी (60) शामिल होंगे. पीजीटी के लिए प्रश्नपत्रों की कठिनता का स्तर स्नातकोत्तर स्तरीय होगा. | 180 अंक/ 3 घंटे |

(च) परीक्षा के कार्यक्रम की जानकारी प्रवेशपत्रक में दी जाएगी. परीक्षा कार्यक्रम का विस्तृत ब्यौरा समिति की वेबसाइट **www.navodaya.gov.in** और **www.nvsrect2019.org** पर भी उचित समय पर अधिसूचित किया जाएगा.

(छ) लिखित परीक्षा में प्रदर्शित योग्यता के आधार पर और रिक्तियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए, उम्मीदवारों को समिति द्वारा तय किए गए अनुपात में इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा. इस आशय की सूचना समिति की वेबसाइट **www.navodaya.gov.in** और **www.nvsrect2019.org** पर उचित समय पर अपलोड की जाएगी. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे समय समय पर समिति की वेबसाइट देखते रहें. प्रधानाचार्य, सहायक आयुक्त (प्रशासन), पीजीटी के पदों के संदर्भ में लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्रदर्शित उम्मीदवार की योग्यता को ध्यान में रखते हुए योग्यता सूची तैयार की जाएगी, परंतु नवोदय विद्यालय समिति को चयन की पद्धति के बारे में पूर्ण विवेकाधिकार होगा और वह इसे बदल सकती है.

## 5. आवेदन कैसे करें:

i. उम्मीदवारों को नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट **www.navodaya.gov.in** और **www.nvsrect2019.org** के जरिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा. किसी अन्य माध्यम/पद्धति से आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा.

ii. उम्मीदवारों का एक वैध व्यक्तिगत ईमेल आईडी होना चाहिए. इस भर्ती की समूची अवधि के दौरान यह ईमेल आईडी सक्रिय रहना चाहिए. नवोदय विद्यालय समिति अपनी परीक्षा संचालन एजेंसी के जरिए लिखित परीक्षा, साक्षात्कार आदि हेतु कॉल लैटर पंजीकृत ईमेल आईडी पर भेज सकती है अथवा निर्दिष्ट भर्ती पोर्टल से उन्हें डाउनलोड किया जा सकता है. **किसी भी परिस्थिति में उम्मीदवारों को अपने ईमेल आईडी को किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा/प्रकट नहीं करना चाहिए और न ही किसी अन्य के ईमेल आईडी का इस्तेमाल करना चाहिए.**

iii. यदि उम्मीदवार का कोई व्यक्तिगत ईमेल आईडी नहीं हो, तो उसे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अपना नया ईमेल आईडी सृजित कर लेना चाहिए.

iv. ऑनलाइन आवेदन ध्यानपूर्वक भरे जाने चाहिए. **अपने नवीनतम फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में दिए गए अनुदेशों के अनुसार समुचित स्थान पर अंगूठे की छाप स्कैन करें और अपलोड करें** तथा उन्हें ऑनलाइन प्रस्तुत करें. आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने पर लॉगइन आईडी और पासवर्ड सृजित होंगे और वे स्क्रीन पर प्रदर्शित होंगे. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भविष्य में इस्तेमाल के लिए अपने लॉगइन आईडी और पासवर्ड को नोट करके रखें.

v. अजा/अजजा/शावि श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों और महिला उम्मीदवारों को कोई शुल्क अदा नहीं करना होगा. अतः उनके मामले में ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में शुल्क संबंधी भुगतान का स्टेप लागू नहीं होगा. **एक बार अदा कर दिए जाने के बाद शुल्क किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जाएगा.**

vi. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन में दिए गए निर्धारित लिंक के जरिए ऑनलाइन आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा. पदवार परीक्षा शुल्क का ब्यौरा नीचे दिया गया है:
प्रधानाचार्य-रुपये 1500/-, सहायक आयुक्त (प्रशासन)-रु. 1500/-, पीजीटी-रुपये 1000/-, सहायक-रु. 800/- और कम्प्यूटर ऑपरेटर रु. 800/-

vii. **उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन का एक प्रिंटआउट लेना चाहिए और अपने रिकॉर्ड के लिए संरक्षित करना चाहिए तथा इसे नवोदय विद्यालय समिति के पते अथवा किसी अन्य पते पर नहीं भेजना चाहिए. आवेदन का प्रिंटआउट, आयु, योग्यता, अनुभव, जाति, नोन क्रीमीलेयर, शारीरिक विकलांगता, जो भी लागू हो, के समर्थन में प्रमाणपत्रों की साक्ष्यांकित प्रतियों के साथ, इंटरव्यू/दस्तावेज जांच के समय प्रस्तुत करना होगा.**

viii. **आवेदन प्रपत्र में उम्मीदवार का नाम अथवा उसके पिता/पति आदि का नाम सही-सही लिखा जाना चाहिए, जो प्रमाणपत्रों/अंक तालिकाओं में वर्णित नाम के अनुरूप होना चाहिए. किसी तरह का संशोधन/परिवर्तन होने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित किया जा सकता है.**

ix. **उम्मीदवारों को कॉल लैटर नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट www.navodaya.gov.in** और **www.nvsrect2019.org से डाउनलोड करना होगा. समिति की परीक्षा संचालन एजेंसी उम्मीदवारों को ईमेल के जरिए भी कॉल लैटर भेज सकती है. परंतु, उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे समय समय पर समिति की वेबसाइट देखते रहें, ताकि तकनीकी त्रुटि के कारण ईमेल के जरिए जानकारी न भेजे जा सकने की स्थिति में उन्हें लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के बारे में कॉल लैटर और अन्य अद्यतन जानकारी प्राप्त हो सके.**

x. **कोई उम्मीदवार एक पद से अधिक के लिए आवेदन कर सकता है, बशर्ते वह पात्र हो और ऐसा करने का इच्छुक हो. प्रत्येक मामले में उम्मीदवार को पृथक आवेदन करना होगा और अलग शुल्क जमा कराना होगा. परंतु, पीजीटी श्रेणी में कोई उम्मीदवार एक से अधिक विषय के लिए आवेदन कर सकता है.**

**महत्वपूर्ण तारीखें**

| | |
|---|---|
| **निर्दिष्ट ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण प्रारंभ** | **15 जनवरी, 2019** |
| **पंजीकरण समाप्त होने की तारीख** | **14 फरवरी, 2019** |
| **शुल्क जमा करने की प्रक्रिया शुरू होने की तारीख** | **15 जनवरी, 2019** |
| **शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख** | **15 फरवरी, 2019** |
| **प्रवेश पत्रक डाउनलोड शुरू होने की तारीख (अनुमानित)** | **10 मार्च 2019** |
| **लिखित परीक्षा की तारीख (अनुमानित)** | **मार्च, 2019 के अंतिम सप्ताह में** |

**(शेष पृष्ठ 25 पर)**

(पृष्ठ 24 का शेष)

**6. उम्मीदवारों के लिए सामान्य अनुदेश**

1) केवल भारतीय नागरिक आवेदन के पात्र हैं.

2) प्रधानाचार्य, सहायक आयुक्त (प्रशासन), पीजीटी, सहायक और कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदों से संबंधित रिक्तियां अनुमानित हैं, जो घट-बढ़ सकती हैं. एनवीएस को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह बिना कोई कारण बताए, उपरोक्त रिक्तियों को भरे या न भरे अथवा आंशिक रूप से भर्ती करे. एनवीएस को आवश्यकता पड़ने पर बिना कोई कारण बताए, भर्ती प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/तत्संबंधी कार्यक्रम को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है.

3) किसी भी रूप में अधूरे ऑनलाइन आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे और इस बारे में किसी पत्राचार पर ध्यान नहीं दिया जाएगा.

4) ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करने के बाद उम्मीदवार को उसमें किसी प्रकार का संशोधन करने की अनुमति नहीं होगी. यदि उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन आवेदन में दिए गए आंकड़ों/जानकारी और मूल प्रमाणपत्रों के बीच कोई विसंगति पाई जाती है, तो आवेदक की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

5) इस विज्ञापन में किसी प्रकार के संशोधन/परिवर्तन/तत्संबंधी निर्देशों को केवल एनवीएस वेबसाइट/निर्दिष्ट भर्ती पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाएगा.

6) लिखित परीक्षा पूरी होने के बाद निर्दिष्ट भर्ती पोर्टल पर रेस्पोंस क्वेरी मैनेजमेंट (प्रतिक्रिया प्रश्न प्रबंधन) सक्रिय बनाया जाएगा, ताकि उम्मीदवारों की टिप्पणियां/प्रतिक्रियाएं/आपत्तियां, यदि कोई हों, आमंत्रित की जा सकें. उम्मीदवारों को ऐसी किसी भी चुनौती के लिए अपेक्षित शुल्क अदा करना होगा. इसके बाद आपत्तियों को विशेषज्ञों को सौंपा जाएगा और परिणाम तैयार करने के लिए उत्तर कुंजी को परीक्षा संचालन एजेंसी द्वारा अंतिम रूप दिया जाएगा. चुनौती सफल पाए जाने की स्थिति में सम्बद्ध उम्मीदवार को शुल्क वापस/रिफंड कर दिया जाएगा.

7) लिखित परीक्षा का परिणाम समिति की वेबसाइट पर उपयुक्त समय पर प्रकाशित किया जाएगा. इस बारे में एनवीएस द्वारा किसी पूछताछ पर ध्यान नहीं दिया जाएगा.

8) इंटरव्यू के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों की सूची समिति की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी.

9) प्रधानाचार्य, सहायक आयुक्त (प्रशासन), **पीजीटी, सहायक और कम्प्यूटर ऑपरेटर** के पद के लिए भर्ती हेतु संक्षिप्त सूची में शामिल उम्मीदवारों की सूची समिति की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी. इस बारे में अलग से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा.

10) किसी भी रूप में सिफारिश उम्मीदवार की अयोग्यता समझी जाएगीं.

11) **एनवीएस उम्मीदवारों की पात्रता की जांच चयन प्रक्रिया से पहले या उसके पूरी होने के बाद किसी भी समय बिंदु पर कर सकती है.** आवेदन प्रपत्र में जानकारी के अभाव या अन्यथा किसी उम्मीदवार को प्रवेश पत्रक जारी कर दिए जाने के बाद भी अगर बाद में किसी स्तर पर (भर्ती की तारीख और उसके बाद सहित) यह पाया गया कि उम्मीदवार पात्र नहीं था, तो उसकी उम्मीदवारी सिरे से खारिज कर दी जाएगी.

12) उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया के बारे में समस्त पत्राचार/घोषणाएं ईमेल/एसएमएस /एनवीएस वेबसाइट पर नोटिसों के जरिए की जाएंगी. इस भर्ती से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना एनवीएस वेबसाइट पर उपलब्ध होगी, अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे बार बार वेबसाइट देखते रहें. प्रवेश पत्रक/इंटरव्यू लैटर/इस भर्ती से संबंधित अन्य जानकारी एनवीएस वेबसाइट अर्थात् **www.nvsrect2019.org** पर प्रदर्शित की जाएगी और उसे डाउनलोड/प्रिंट करना उम्मीदवार की जिम्मेदारी होगी. उम्मीदवार द्वारा प्रदत्त अवैध/गलत ईमेल आईडी के कारण अथवा किसी अन्य कारण से किसी ईमेल के खो जाने के लिए एनवीएस जिम्मेदार नहीं होगा. उम्मीदवार का ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने तक वैध और सक्रिय रहने चाहिए.

13) समिति अपने विवेकाधिकार से, आवश्यक होने पर पुनः परीक्षा आयोजित कर सकती है. ऐसी स्थिति में उम्मीदवारों को अपनी लागत पर पुनः परीक्षा के लिए आना होगा.

14) लिखित परीक्षा/इंटरव्यू के लिए कोई यात्रा भत्ता आदि अदा नहीं किया जाएगा.

15) चुने हुए उम्मीदवारों की नियुक्ति भारत में कहीं भी की जा सकती है.

16) चुने हुए उम्मीदवारों को प्रारंभ में 2 वर्ष के लिए परिवीक्षा अवधि पर रखा जाएगा, जो सक्षम प्राधिकारी के विवेकाधिकार से बढ़ाई जा सकती है. परिवीक्षा अवधि के दौरान प्रोबेशनर की सेवाएं बिना कोई कारण बताए, किसी भी समय समाप्त की जा सकती हैं.

17) उम्मीदवार द्वारा हासिल की गई योग्यताएं पूरी तरह निर्धारित योग्यताओं के अनुरूप होनी चाहिए. **यदि कोई उम्मीदवार अधिसूचित योग्यता के समकक्ष योग्यता होने का दावा करता है, तो उसे अपने दावे के समर्थन में इंटरव्यू/दस्तावेज जांच के समय दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा अन्यथा, ऐसे मामलों को सिरे से रद्द कर दिया जाएगा. इसी तरह जहां कहीं ग्रेड दिए गए हों, उनके समकक्ष प्रतिशत अंक प्रदर्शित करने के लिए अंक तालिकाओं की स्थिति इंटरव्यू/दस्तावेज जांच/चयन के समय प्रस्तुत करनी होगी.**

18) इस विज्ञापन के हिंदी अथवा किसी अन्य भाषा में अनुदित संस्करण में कोई विसंगति या अंतर होने की स्थिति में इसके अंग्रेजी संस्करण के पाठ को अंतिम समझा जाएगा.

19) उम्मीदवारों की उत्तर पुस्तिका और इस भर्ती से संबंधित परीक्षा के दस्तावेज/ कागजात परीक्षा की तारीख से केवल 6 महीने के लिए रिकॉर्ड में रखे जाएंगे.

20) **इस भर्ती से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा केवल दिल्ली स्थित अदालत के अधिकार क्षेत्र में किया जा सकेगा.**